मुंबई: कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के झगड़े का असर चैनल की टीआरपी पर पड़ता दिख रहा है। सुनील के जाने के बाद कपिल ने तीन एपिसोड शूट किए हैं। खबर है कि आने वाले दो एपिसोड के बाद सुनील ग्रोवर वापस एंट्री कर सकते हैं। चैनल से जुड़े सूत्रों की मानें तो सुनील जल्द ही कपिल शर्मा शो में वापसी कर सकते हैं। दरअसल सुनील इन दिनों ऑफिशल छुट्टियां मना रहे हैं। सुनील ने झगड़े से पहले ही अपने पर्सनल शोज के लिए प्रॉडक्शन वालों से छुट्टी मांग रखी थी। सुनील के बिना आने वाले चार एपिसोड का शूट होना भी तय था। ऐसे में कपिल और सुनील के झगड़े ने इसे एक नया मोड़ दे दिया है। सुनील अपनी छुट्टियों के दौरान कॉमिडी लाइव शोज करने वाले थे।

अभी अलविदा नहीं कहा : यानी यह कहा जा सकता है कि सुनील ने ऑफिशली इस शो से अलविदा नहीं कहा है। सूत्रों की अगर मानें तो अगले शो का शेड्यूल 7, 8, 11 और 12 अप्रैल तय किया गया है। कपिल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म फिरंगी की शूटिंग के लिए राजस्थान में हैं। वहां से शूटिंग पूरी कर वह 7 को मुंबई आकर अपने शो के आने वाले एपिसोड्स की शूटिंग करेंगे। शो से जुड़े सूत्रों की मानें, तो इस महीने के आखिरी हफ्ते में सुनील भी इस शो से जुड़ जाएंगे। लेकिन यह वापसी चैनल के लिए थोड़ी महंगी होगी। दरअसल सुनील अपनी फीस बढ़ा कर ही इस शो से दोबारा जुड़ेंगे।

सुनील ने मांगी मोटी फीस : टॉप कॉमेंट ौर गुलाटी जी कपिल से कहना अगली बार आपको 3 की जगह 6 जूते मार लें - भई पैसे जो बढ गये हैं ।

द कपिल शर्मा शो की जान सुनील ग्रोवर ने भले ही कपिल से नाराज होकर सोशल मीडिया साइट्स पर अपना गुस्सा उतारा हो, लेकिन चैनल वालों से उनका झगड़ा नहीं हुआ है। इसका ताजा उदाहरण सुनील का इंडियन आइडल शो में परफॉर्म करना है। सूत्रों के अनुसार सुनील ने यह बात कबूली है कि उनका झगड़ा चैनल वालों से नहीं है। इसलिए वह शो में आने के लिए राजी हो गए हैं। साथ ही सुनील ने मौके का फायदा उठाते हुए चैनल से ज्यादा फीस की डिमांड कर डाली है। शो में सुनील पैसे बढ़ा कर ही अपनी एंट्री करने वाले हैं।

कपिल ने सॉरी नहीं कहा : कपिल के गुस्सैल रवैये से नाराज टीम मेंबर्स ने शो को बायकॉट कर दिया था। कपिल ने सोशल साइट पर सुनील से माफी भी मांगी थी, लेकिन उन्होंने बाकी किसी भी टीम मेंबर से माफी नहीं मांगी है। सूत्रों के अनुसार, कपिल के रवैये में कोई खास बदलाव नहीं आया है। उन्होंने केवल सुनील से माफी मांग कर अपनी गलती सुधारने की कोशिश की थी, लेकिन बाकी किसी को स्टार को कपिल का मैसेज नहीं आया है। जबकि टीम मेंबर इस इंतजार में हैं कि कपिल मैसेज कर उन्हें वापस बुला लें, ताकि वे भी शो की शुरुआत कर सकें।

भोपाल: तारक मेहता का उल्टा चश्मा में तारक मेहता का किरदार निभाने वाले शैलेष लोढा शनिवार को भोपाल पहुंचे। बातचीत के दौरान शैलेष ने बताया कि कवि और अच्छा वक्ता होने की वजह से उन्हें कई पॉलिटिकल पार्टी से जुड़ने का ऑफर मिला। लेकिन उनकी रुचि सिर्फ कला और साहित्य के क्षेत्र में है। इसके अलावा उन्होंने कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के विवाद पर भी अपनी बात रखी। बता दें कि शैलेष भोपाल में एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

घर का झगड़ा घर में सुलझाएं कपिल-सुनील

कवि के साथ शैलेष कॉमेडियन भी हैं। जब उनसे कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के झगड़े को लेकर सवाल किए गएए तो सीधे तौर पर उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। हालांकि उन्होंने यह कहा कि घर का झगड़ा घर में सुलझा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कपिल, सुनील की तरह दूसरे कॉमेडियन्स को समझना होगा कि हास्य और अश्लीलता के बीच एक लकीर है और उनका मानना है कि इस लकीर का ध्यान हर कॉमेडियन को रखना चाहिए, क्योंकि तभी हास्य अपना असर दिखाएगा और याद रखा जाएगा।

जयपुर: दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता जीतेन्द्र ने दो दिन पहले अपना 75 वां बर्थडे जयपुर में मनाया। अभिनेता के बर्थडे पार्टी की तस्वीरों को एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। जीतेन्द्र के बर्थडे पर बीते जमाने के मशहूर कलाकार प्रेम चोपड़ा, ऋषि कपूर, नीतू कपूर और राकेश रोशन भी पहुंचे। आपको बता दें कि अपने जन्मदिन से पहले जितेंद्र यह स्थित काले हुनमान जी के मंदिर में दर्शन किया। जन्मदिन के मौके पर उनके कुछ बॉलीवुड के करीबी दोस्त और रिश्तेदारों ने शिरकत की। लेकिन इस मौके पर उनके बेटे तुषार कपूर और पोता लक्ष्य उपस्थित नहीं थे। तुषार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म गोलमाल अगेन की शूटिंग में बिजी है, इसी के चलते उन्हें अगले शेड्यूल के लिए हैदराबाद जाना था। वहीं लक्ष्य भी इस दौरान तुषार को कंपनी दे रहे थे। जानकारों की मानें तो हैदराबाद में करीब एक महीने तक शूटिंग चलेगी। उनके एक नजदीकी सूत्र ने बताया तुषार की फिल्म की शूटिंग की डेट पहले ही फाइनल थी। हाल ही में मुंबई में फिल्म की शूटिंग का पूरी हुई है।

मुंबई,लॉस एंजिलिस: हॉरर मूवीज के मामले में कहा जाता है कि बॉलीवुड कभी हॉलीवुड की बराबरी नहीं कर सकता। वहां की फिल्मों की स्क्रिप्ट्स कैरेक्टर्स स्पेशल और साउंड इफेक्ट्स की अक्सर तारीफ होती है। इन फिल्मों के बिहाइंड द सीन फोटोज से ही आप उनके कैरेक्टर्स के बारे में अंदाजा लगा सकते हैं कि फिल्मों में वे कितने भयावह होते होंगे। इस पैकेज में हम आपको कुछ ऐसी पुरानी हॉरर हॉलीवुड फिल्मों की बिहाइंड द सीन फोटोज दिखा रहे हैं।



फिल्म Castle Freak(1995) डायरेक्टर स्टुअर्ट गोर्डन की इस फिल्म में जेफ्री कॉम्ब्स बारबरा क्रंपटॉन और जेसिका डॉलरहाइड ने अहम रोल किए थे। फिल्म की कहानी एक ऐसे शख्स इर्द गिर्द घूमती है, जो एक महल में होने वाली अजीबो गरीब घटनाओं से अपने परिवार को बचाता है। दूसरी एक साइंस फिक्शन हॉरर फिल्म है, जिसे डेविड क्रोनेनबर्ग ने डायरेक्ट किया था। कहानी एक साइंटिस्ट की है, जो अपने एक आविष्कार एक ट्रांसपोर्टेशन मशीन में खुद को टेलिपोर्ट करके एक्साइटेड होता है। लेकिन बाद में उसे पता चलता है कि पूरी प्रोसेस में कोई और भी उसके साथ था। तीसरी फिल्म डायरेक्टर रिडले स्कॉट और जीन पिअर जयूनेट की इस फिल्म की कहानी एलियन रिप्ले के इर्द गिर्द घूमती है। साइंटिस्ट रिप्ले की जान बचाते हैं। लेकिन क्वीन एलियन के कुछ लक्षण उसके अंदर रह जाते हैं। इस बीच क्वीन एलियन की नस्ल को जन्म देती है। रिप्ले को उसे रोकना होता है।

लॉस एंजिलिस: ये फोटोज हैं 54 साल पहले रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म फ्रॉम रशिया विद लव के एक फाइट सीन की। टेरेंस यंग के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म जेम्स बॉन्डश् सीरीज की दूसरी फिल्म थी और सीन कॉनरी ने दूसरी बार इसमें एमआई 6 एजेंट जेम्स बॉन्ड का रोल किया था। लेकिन फिल्म में दो एक्ट्रेसेस की फाइट चर्चा का विषय रही थी। ये एक्ट्रेसेस थीं मार्टिन बेस्विकजोरा और अलीजा गुरविडा। 6 सप्ताह तक की गई थी इस फाइट सीन की प्रैक्टिस। जोरा और विडा के रोल के लिए कई लड़कियों ने स्क्रीन टेस्ट दिया था। लेकिन मार्टिन और अलीजा ने रोल पाने में बाजी मार ली।

रिपोर्ट्स की मानें तो इस फाइट सीक्वेंस के लिए उन्होंने 6 सप्ताह तक फाइट कोरियोग्राफर के साथ प्रैक्टिस की थी। 72 साल की हो चुकीं अलीजा 1973 और 75 की मार्टिन 1995 में फिल्मों से दूर हो चुकी हैं।



मुंबई: भाभीजी घर पर हैं - में अनीता भाभी का किरदार निभाने वाली सौम्या टंडन जल्द ही शो छोड़ सकती हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सौम्या का शो के साथ कॉन्ट्रैक्ट पूरा हो चुका है और अपने किरदार से ऊब जाने की वजह से वे इसे रिन्यू नहीं करवाना चाहती हैं। बता दें, सौम्या का जन्म 3 नवंबर, 1984 को भोपाल मध्य प्रदेश में हुआ था। हालांकि जल्द ही उनका परिवार उज्जैन शिफ्ट हो गया था।

राइटर भी हैं सौम्या : उज्जैन के सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल से उन्होंने पढाई की। वे राइटर भी हैं। मेरी भावनाएं नाम की एक बुक वे पब्लिश कर चुकी हैं। कहा जाता है कि जब सौम्या 6 साल की थीं, तभी उन्होंने लिखना शुरू कर दिया था और उनके पिताजी बी टंडन उनके लिए इंस्पिरेशन बने। बता दें कि सौम्या के पिता बी टंडन विक्रम यूनिवर्सिटी उज्जैन में इंग्लिश डिपार्टमेंट के एचओडी रह चुके हैं। वे शेक्सपियर लिटरेचर के एक्सपर्ट भी रहे हैं। 2006 में किया पहला टीवी शो : सौम्या ने पहला टीवी शो साल 2006 में किया था। इस शो का नाम था, ऐसा देश है मेरा, और इसमें सौम्या ने रस्टी देओल का किरदार निभाया था। इसके बाद वे मेरी आवाज को मिल गई रोशनी, में एक्टिंग करती दिखीं। बतौर होस्ट वे शाहरुख खान के साथ रियलिटी शो जोर का झटका में नजर आईं। इसके अलावा कॉमेडी सर्कस के तानसेन, मल्लिका ए किचन ऑन एयर और डांस इंडिया डांस,1 2 3 जैसे शोज को भी वे होस्ट कर चुकी हैं।

जब वी मेटस् में बनी करीना की बहन : साल 2007 में सौम्या ने डायरेक्टर इम्तियाज अली की फिल्म जब वी मेटस् से बॉलीवुड में एंट्री ली। इस फिल्म में उन्होंने गीत नामक -करीना कपूर की बहन का किरदार निभाया था।

10 साल डेटिंग के बाद बैंकर ब्वॉयफ्रेंड से की शादी : पिछले साल दिसंबर में खबरें आई थी कि सौम्या ने अपने बैंकर ब्वॉयफ्रेंड सौरभ देवेंद्र सिंह से प्राइवेट सेरेमनी में शादी की थी। गौरतलब है कि सौम्या पिछले 10 साल से सौरभ को डेट कर रही थीं। सौरभ उनके लिए दोस्त और गाइड दोनों हैं। कॉलेज के दिनों में एक दूसरे के करीब आया यह कपल मुंबई में लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था।

एंटरटेनमेंट डेस्क : बज़नेट के सर्वे ने प्रियंका चोपड़ा को दुनिया की दूसरी मोस्ट ब्यूटीफुल वुमन बताया है, जबकि लिस्ट में टॉप पर पॉप सिंगर बियोंसे हैं। 34 वर्षीय प्रियंका ने ट्विटर इसकी खुशी जाहिर करते हुए लिखा thank u @Buzznet and all who voted and @beyonce in my number 1 too!! बता दें, अमेरिकन टीवी शो क्वांटिको के जरिए पॉपुलैरिटी बटोरने वाली प्रियंका जल्द ही फिल्म बेवॉच से हॉलीवुड डेब्यू करेंगी। टॉप 5 में शामिल हैं ये एक्ट्रेस .... बियोंसे प्रियंका के बाद तीसरे नंबर पर मॉडल ट्रेलर हिल हैं। जबकि चौथी पोजिशन पर ब्यूटी एंड द बीस्ट फेम एक्ट्रेस एमा वॉटसन हैं। लिस्ट में पांचवे नंबर पर फिफ्टी शेड्स डार्कर की एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन हैं। वहीं एंजलिना जॉली लिस्ट में 8वी पोजिशन पर हैं।

मुंबई : सोर्स के मुताबिक बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर आजकल तबला बजाने की प्रैक्टिस कर रही हैं। सोनम ऐसा अपनी अपकमिंग मूवी पैडमैन के लिए कर रही है। वे मध्यप्रदेश के महेश्वर में होने वाली इस फिल्म की शूटिंग में सोमवार से शामिल होंगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोनम तबला वादक मुक्ता मदन से तकरीबन दो महीने से तबला बजाना सीख रही हैं। बता दें कि मुक्ता नेशनल लेवल के तबला कॉम्पिटीशन्स में भाग ले चुकी हैं। सोनम शूटिंग की व्यस्तता के बावजूद कोशिश करती हैं कि वीक में एक दिन उनकी क्लास अटेंड जरूर करे। इतना ही नहीं ट्रेवलिंग के दौरान भी वो अपने साथ एक म्यूजिक की किताब रखती हैं, ताकि वे फ्री होते ही प्रैक्टिस कर सके। गौरतलब है कि मुक्ता भी फिल्म में एक छोटा सा रोल करेंगी। इस मूवी में वो सारंगी वादक बनी हैं।

चैन्नैई: सुपरस्टार रजनीकांत ने फैंस के साथ अपनी मीटिंग शनिवार को कैंसल कर दी, क्योंकि उन्होंने महसूस किया कि हरेक फैन के साथ तस्वीर खिंचवाना बहुत कठिन है। कबाली के अभिनेता रजनीकांत 12 और 16 अप्रैल के बीच अपने फैन्स से मिलने वाले थे। रजनीकांत ने कहा प्रत्येक फैन के साथ तस्वीर खिंचवाने में समय लगता है और यह कठिन है। भविष्य में हम हर जिले में मीटिंग की योजना बना रहे हैं, ताकि सभी फैन बिना किसी परेशानी के अलग-अलग तस्वीरें ले सकें। रजनीकांत ने पिछले महीने ही स्पष्ट किया था कि फैन्स से मुलाकात के पीछे उनका कोई राजनीतिक अजेंडा नहीं है। उन्होंने कहा था नहीं राजनीति को लेकर कोई ऐलान नहीं होगा। मैं प्रशंसकों से इसलिए मिलने जा रहा हूं, क्योंकि उनसे मिले अरसा हो गया है। रजनीकांत फिलहाल तमिल फिल्म एंथिरन का सीक्वल

मुंबई। राम गोपाल वर्मा के बैनर पर बनने वाली अभिषेक बच्चन स्टार फिल्म अरेस्ट फिलहाल अभी शुरू नहीं हो पाएगी क्योंकि रामू जी को फिल्म की स्क्रिप्ट में थोड़ी गड़बड़ी नज़र आ गई है। पिछले दिनों ये खबर आई थी कि राम गोपाल वर्मा ने मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की जिन्दगी से मिलती जुलती कहानी पर फिल्म अरेस्ट बनाने का फैसला किया है। पहले इस फिल्म की शूटिंग 10 अप्रैल से शुरू होने वाली थी और मुंबई में 35 दिनों का शूटिंग शेड्यूल रखा गया था। लेकिन फिलहाल फिल्म को होल्ड पर रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक राम गोपाल वर्मा स्क्रिप्ट में बदलाव करना चाहते हैं और कहानी को और ड्रामेटिक बनाने के लिए स्क्रिप्ट में बदलाव किये जा रहे हैं। इस कारण फिल्म की शूटिंग अब साल अंत तक की शुरू हो पाएगी।

चेन्नई। तमिल सुपरस्टार कमल हासन के घर शुक्रवार रात को आग लग गई। हालांकि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई। उन्होंने ट्वीट कर बताया मेरे स्टाफ का शुक्रिया, जिनकी वजह से मैं घर में लगी आग से बच गया। फेफड़ों में पूरी तरह धुआं भर गया था। मैं थर्ड फ्लोर से नीचे आया और मैं पूरी तरह सेफ हूं। किसी को भी नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि पिछले महीने ही कमल हासन के बड़े भाई चंद्र हासन 82 का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। एक्टर डायरेक्टर राइटर और डांसर कमल हासन का जन्म 7 नवंबर 1954 को परमकुडी चेन्नई में हुआ। 1959 में 6 साल की उम्र में बाल कलाकार के तौर पर भीम सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म कलत्तूर कन्नम्मा से इन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम रखा। उन्हें सफलता फिल्म अपूर्व रागंगल से मिली, जिसमें उन्होंने उम्र में बड़ी महिला के साथ प्यार करने वाले अक्खड़ युवा की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कई तमिल फिल्मों में एक्टिंग की और अवॉर्ड भी जीते।

मुंबई। सुजैन खान ने हाल ही में अपने दोनों बेटों रिहान और रिदान के साथ सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर किया है। इसमें तीनों ही व्हाइट आउटफिट में नजर आ रहे हैं। सुजैन खान इस फोटों में अपने बेटों के साथ फैरी राइड का मजा लेती दिख रही हैं। सुजैन ने फोटो के साथ कैप्शन दिया है

मुंबई। विकास बहल के खिलाफ लगे सेक्शुअल हैरेसमेंट का केस अब बड़ा रूप लेता जा रहा है। बता दें कि विकास बहल पर कुछ महीने उनकी को वर्कर ने ऑफिशियल ट्रिप के दौरान मोलेस्टेशन का आरोप लगाया थाए जिसके चलते साल 2011 में बनी प्रोडक्शन कंपनी फैन्टम फिल्म्स ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है। हालांकि विकास इन आरोपों को नकार रहे हैं, लेकिन सोर्स की मानें तो ये केस सॉल्व हो या नहीं, लेकिन प्रोडक्शन हाउस में उनकी वापसी मुश्किल लग रही है। एक इंग्लिश न्यूजपेपर से विकास बहल के एक क्लोज फ्रेंड की हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि मोलेस्टेशन का केस सॉल्व हो या न हो, फैन्टम फिल्म्स् में वापसी का इन्हें फिर से मौका नहीं मिलेगा।

मुंबई: लंबी बीमारी के बाद ऐश्वर्या राय बच्चन के पिता कृष्णराज राय का निधन 18 मार्च को हुआ था। शनिवार सुबह पिता की अस्थि विसर्जन के लिए ऐश्वर्या और उनकी फैमिली दिल्ली के लिए रवाना हुई। एयरपोर्ट पर उन्हें मायके पक्ष के लोगों के साथ देखा गया। ऐश्वर्या की बेटी आराध्या भी उनके साथ मौजूद थीं। इस दौरान ऐश्वर्या सलवार सूट लुक में दिखीं। वहीं आराध्या को व्हाइट टॉप और पिंक पेंट्स में क्लिक किया गया।

बता दें, ऐश्वर्या के पिता का 18 मार्च को दोपहर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। जनवरी में तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें कैंसर से जुड़ी बीमारी थी। कृष्णराज राय आर्मी में बायोलॉजिस्ट थे। वो जब से हॉस्पिटल में भर्ती हुए तभी से बेटी ऐश्वर्या उनका ख्याल रख रही थीं।

मुंबई: अभिनेत्री विद्या बालन उम्मीद करती हैं कि उनकी नई फिल्म बेगम जान के साथ लोग जुड़ाव महसूस करेंगे। फिल्म में वह एक वेश्यालय की मालकिन की भूमिका में नजर आएंगी। विद्या ने शुक्रवार को फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान कहा फिल्म के ट्रेलर और गीतों को दर्शकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और वे फिल्म देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। विद्या के मुताबिक, हर समय मैं दर्शकों के लिए नई और असाधारण कहानी पेश करने की कोशिश करती हूं और जब इस फिल्म का प्रस्ताव आया तो मैं बहुत उत्साहित हो गई और मैं उसी दिन शूटिंग शुरू करने बारे में सोचने लगी। बेगम जान का किरदार और संवाद बहुत दमदार और ढेर सारे मनोभावों के साथ हैंए जिसके चलते खुद को यह फिल्म करने से नहीं रोक पाई।

मुंबई: कपिल शर्मा से झगड़े के बाद सुनील ग्रोवर ने द कपिल शर्मा शो में वापस जाने से साफइनकार कर दिया है, लेकिन कई लोग चाहते हैं कि सुनील कपिल शर्मा के शो से दोबारा जुड़ें। अब कमीडियन सुनील पाल ने भी सुनील ग्रोवर से शो में वापस लौटने की अपील की है। उन्होंने फेसबुक पर एक विडियो पोस्ट कर कहा आप बड़े कलाकार हैं इसलिए कपिल को माफकरके वापस आ जाओ। सुनील ने आगे कहा किसी भी कलाकार को बड़ा एक मंच बनाता है। आपको ऐसा मंच मिला है कि आप लोगों तक पहुंच पा रहे हैं। आप दोनों की लड़ाई का फायदा दूसरे चैनल वाले उठा रहे हैं।

मुंबई: फाइनली Justice League का पोस्टर सामने आ गया है। इसमें बैटमैनए वंडर वुमनए एक्वामैनए साइबोर्ग और द फ्लैश साथ में नजर आ रहे हैं। DCEU ने इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए बहुत ही यूनिक मार्केटिंग स्ट्रेटिजी अपनाई है। इन सभी कैरेक्टर्स के अलग अलग टीजर लॉन्च करते हुए उन्हें डिफाइन किया गया है। हालांकि अभी तक सुपरमैन को रिवील नहीं किया गया है। आपको बता दें कि ये फिल्म इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म्स् में से एक है।

मुंबई: फिल्म एक्टर अर्जुन रामपाल पर मारपीट का आरोप लगा है। कहा जा रहा है कि एक्टर फोटो खींचने पर भड़क गए और उन्होंने फोटोग्राफर से कैमरा छीनकर फेंक दियाए मारपीट भी की। इस घटना में एक शख्स जख्मी हो गया। इस मामले में पुलिस में रामपाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। कैमरा डांस कर रहे शख्स के सिर पर लगा।

जानकारी के मुताबिक घटना दिल्ली के 5 स्टार होटल शंगरीला में रविवार तड़के 3.30 पर हुई।

विक्टिम शोभित ने बताया, होटल के नाइट क्लब में डीजे प्ले कर रहे थेए तभी एक फोटोग्राफर ने उनकी फोटो क्लिक की। इससे नाराज होकर रामपाल ने फोटोग्राफर का कैमरा छीनकर फ्लोर की तरफ फेंक दिया। मैं उस वक्त वहां डांस कर रहा था, कैमरा सीधे मेरे सिर पर लगाए जिससे मुझे चोट लग गई। शोभित ने कहा मैं नहीं जानता कि रामपाल ने कैमरा मुझ पर क्यों फेंका। इसमें बाद मैंने पुलिस में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस पर कोऑपरेट नहीं करने का आरोप पुलिस ऑफिशियल्स ने कहा, घटना की सीसीटीवी फुटेज हमारे पास है और कार्रवाई की जा रही है। उधर विक्टिम शोभित ने पुलिस पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया है। आपको बता दें कि पिछले महीने संजय दत्त के खिलाफ दर्ज हुई थी शिकायत, एक्टर संजय दत्त भी पिछले महीने एक ऐसे ही मामले में घिरे थे। आगरा में उनके बॉडीगार्ड्स ने लोकल रिपोर्टर्स को धकेल दिया था। संजय वहां अपनी कमबैक मूवी भूमि की शूटिंग कर रहे थे। इस घटना पर मीडियापर्सन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद संजय को माफी मांगनी पड़ी थी। उन्होंने कहा था कि अगर वे सेट पर होते तो ये सब नहीं होता।